आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाये

Azadi Ka Amrit Mahotsav

● वर्ष- 16 अंक 193- ● जबलपुर ● सोमवार, 15 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



# पीएम ने 5 प्रण रखे तो स्वदेशी का मंत्र भी दिया

## भ्रष्टाचार पर प्रहार, चीन पर चोट का इंतजाम, मोदी बोले- बच्चे ले रहे विदेशी खिलौने से न खेलने का संकल्प

**नई दिल्ली,एजेंसी। लाल किले की प्राचीर से पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के आगे 5 प्रण रखे तो स्वदेशी का मंत्र भी दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ना होगा और इसके लिए स्वदेशी का मंत्र जरूरी है। उन्होंने महर्षि अरविंद को याद करते हुए कहा कि आज उनकी जयंती है और उन्होंने स्वदेशी से स्वराज का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि बीते 75 सालों से हमारे कान जिस आवाज के लिए तरस रहे थे, आज वह पूरा हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज लाल किले पर भारत में बनी तोप से ही सलामी दी गई है। बीते 75 सालों से इस एक आवाज के लिए हमारे कान तरस रहे थे।**

यही नहीं चीन से बड़े पैमाने पर आयात की ओर से इशारा करते हुए उन्होंने ड्रैगन पर चोट की भी बात कही।उन्होंने कहा कि आज हमारे 5-5 साल के बच्चे भी यह संकल्प ले रहे हैं कि विदेशी खिलौनों से नहीं खेलना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत में बनी तोप के लिए सेना के अफसरों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज हम आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिनटेक सेक्टर में हमने क्रांति की है। आने वाले समय में कृषि से लेकर शिक्षा तक डिजिटल माध्यम का महत्व बढ़ने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि हम जल्दी ही कनेक्टिविटी के मामले में एक कदम और आगे बढ़ने वाले हैं और जल्दी ही 5जी सर्विस की शुरुआत हो जाएगी।

### देश को खोखला कर रहा है भ्रष्टाचार

लाल किले से देश को संबोधित कर रहे पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे का जिक्र किया। उन्होंने कहा, चजिन्होंने देश को लूटा है, उन्हें लौटाना पड़े ऐसी स्थिति हम पैदा करेंगे ॄ उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग में देशवासियों का सहयोग मांगा है। पीएम ने कहा कि हम भ्रष्टाचार के लिए एक निर्णायक दिशा में बढ़ रहे हैं। मैं लाल किले की प्राचीर से बड़ी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला कर रहा है। हमें इसके खिलाफ लड़ाई को तेज करना है। आप मुझे आशीर्वाद दें और साथ दें ताकि इस लड़ाई को मैं लड़ पाऊं। इस जंग को देश जीत पाए और सामान्य नागरिकों की जिंदगी आन, बान शान से भर जाए। इसलिए मेरे देशवासियों यह चिंता का विषय है कि देश में भ्रष्टाचार के प्रति नफरत तो दिखती है, लेकिन कभी-कभी भ्रष्टाचारियों के प्रति नरमी बरती जाती है।

पीएम मोदी ने कहा कि किसी के पास रहने को जगह नहीं और किसी के पास चोरी का माल रखने की जगह नहीं है। बीते 8 सालों में डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर करते हुए हमने 2 लाख करोड़ रुपये की बचत की है। यह रकम गलत हाथों में जाते थे। जो लोग पिछली सरकारों में बैंकों को लूटकर भाग गए, उनकी संपत्तियां जब्त की जा रही हैं। उन्हें वापस लाने के प्रयास हो रहे हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कालखंड में हम कदम रख रहे हैं।

### मेड इन इंडिया तोप का जिक्र

पीएम ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, यह हर नागरिक का, हर सरकार का, समाज की हर इकाई का दायित्व बन जाता है। यह सरकारी एजेंडा नहीं है। यह समाज का जन आंदोलन है, जिसे हमें आगे बढ़ाना है। आज जब यह आवाज हमने सुनी, जिसकी लिए कान तरस गए। उन्होंने कहा कि 75 साल के बाद लाल किले से ध्वज को सलामी देने का काम मेड इन इंडिया तोप ने किया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी विरासत पर हमें गर्व होना चाहिए।



## सीएम शिवराज ने बारिश के बीच किया संबोधित, बोले

# मामा इतना कमजोर नहीं है कि गल जाए

**भोपाल यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर भोपाल में पुलिस की महा तिरंगा यात्रा को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाई। सीएम जब संबोधित कर रहे थे, तभी तेज बारिश होने लगी। यह देख सीएम के सिक्योरिटी में लगे जवान ने उनके ऊपर छाता लगा दिया। थोड़ी देर तक तक उन्हें पता नहीं चला, लेकिन जब उनका ध्यान गया, तो उन्होंने छाता हटवा दिया। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि जवान खड़े हैं, भांजे-भांजियां खड़ी हैं, मामा इतना कमजोर नहीं कि बारिश में गल जाएगा। उन्होंने कहा- हमें आजादी तो मिली, लेकिन देश बंट गया। सीएम ने कहा कि बारिश हमारे बुलंद इरादों को आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि आजादी तो हमें मिली, लेकिन देश बंट गया था। विभाजन और विभीषिका के बल से देश टूट गया था। हम संकल्प लें कि हम देश की एकता और अखंडता पर आंच नहीं आने देंगे। कार्यक्रम में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, डीजीपी सुधीर सक्सेना, पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर समेत बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल हुए। पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर ने बताया कि तिरंगा बाइक रैली में 300 टू-व्हीलर, एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## वीरता पुरस्कारों की घोषणा

# नायक देवेंद्र प्रताप सिंह को कीर्ति चक्र

**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पुरस्कारों की घोषणा की। इस स्वतंत्रता दिवस पर नायक देवेंद्र प्रताप सिंह को देश के दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। नायक देवेंद्र प्रताप सिंह इस साल 29 जनवरी को पुलवामा में एक ऑपरेशन का हिस्सा थे, जहां उन्होंने असाधारण बहादुरी दिखाते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया था। इसके अलावा सेना के 8 जवानों को शौर्य चक्र प्रदान किए गए हैं। इनमें सिपाही कर्ण वीर सिंह, गनर जसबीर सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। इनके अलावा शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में मेजर नितिन धानिया, अमित



दहिया, संदीप कुमार, अभिषेक सिंह, हवलदार घनश्याम और लांस नायक राघवेंद्र सिंह शामिल हैं।

### डॉग एक्सेल को भी वीरता अवॉर्ड

भारतीय सेना के हमलावर बेल्जियन मेलिनोइस डॉग एक्सेल को मरणोपरांत वीरता अवॉर्ड ' मेंशन इन डिस्पेचेस' से नवाजा गया। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद रोधी अभियान में डॉग की


## 8 जवानों को शौर्य चक्र; सेना के डॉग को मरणोपरांत

भूमिका के लिए यह अवॉर्ड दिया गया। 31 जुलाई को बारामुला के वानीगाम में जब भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों ने एक मकान में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया, तो इसमें डॉग स्क्वॉड को भी शामिल किया गया। डॉग एक्सेल की पीठ पर एक कैमरा लगाया गया, ताकि उसके द्वारा की जाने वाली रूम इंटरवेंशन के दौरान आतंकवादियों की सही जानकारी सेना तक पहुंच सके और वह आसानी से ऑपरेशन को अंजाम दे सकें। जैसे ही एक्सेल मुठभेड़ स्थल पर मकान में दाखिल हुआ तो आतंकियों ने इस पर फायरिंग कर दी। तीन गोलियां लगने से उसकी जान चली गई। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि असाल्ट डॉग को विशेष ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि वह संदिग्ध को दबोच सके। एक्सेल ने एक कमरे को क्लियर कर दिया था, लेकिन जैसे ही वो दूसरे कमरे में दाखिल हुआ आतंकी ने उस पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर ही सैनिक अलर्ट हो गए और कमरे में छिपे आतंकी को ढेर कर दिया, लेकिन गोली लगने से एक्सेल की भी मौत हो गई थी। एक्सेल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसे गोली लगने के साथ-साथ दस अलग-अलग चोट लगने की बात कही गई है।

## सिंगरौली में दिल दहला देने वाली वारदात

# महिला के साथ दरिंदगी

**सिंगरौली , यशभारत।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली में दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया गया है। यहां एक शख्स पर महिला के साथ दुष्कर्म और फिर उनके प्राइवेट पा्ट में डंडा डालने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि जब महिला ने आरोपी का विरोध किया तब उसने इस भयानक कृत्य को अंजाम दिया है। घटना में महिला बुरी तरह से घायल हो गई हैं, जिनका इलाज फिलहाल अस्पताल में चल रहा है। इलाके के थाना प्रभारी ने मीडिया को जानकारी दी है कि 12-13 की रात महिला अपने घर में सो रही थी। उसी समय यह वारदात हुई।




### शुभकामनाएं

आजादी के अमृत महोत्सव पर सुधिपाठकों , शुभचिंतकों, एजेंटों, समाचार पत्र विक्रेताओं को यश भारत परिवार की ओर हार्दिक शुभकामनाएं।

-संपादक

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के पुनीत पर्व के उपलक्ष्य में यश भारत कार्यालय में 16 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

# बेकाबू ट्रेलर ने 9 श्रद्धालुओं को रौंदा, पांच की मौत

### रामदेवरा पर भंडारे के लिए रुके थे, हाइवे पर मची चीख-पुकार

**पालीएजेंसी।** राजस्थान के पाली में रविवार देर रात बेकाबू ट्रेलर ने सड़क किनारे भंडारे की तरफ जा रहे लोगों (जातरुओं) को रौंद दिया। इस भीषण हादसे में 5 की मौत हो गई। 4 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जोधपुर भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। हाइवे पर घायल चीखते-तड़पते नजर आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रोहट हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जोधपुर रेफर कर दिया गया। पाली जिले के रोहट थाना क्षेत्र में बांडाई पुलिया-दलपतगढ़ के बीच रामदेवरा पर जातरुओं के लिए भंडारा लगा हुआ था। रात करीब एक बजे भीलवाड़ा के लोगों का जत्था रामदेवरा जाते समय यहां ठहरा। सभी सड़क किनारे बने टेंट की ओर जा रहे थे।




## इंदौर में बम फटने से दो की मौत, 15 से अधिक घायल, घटनास्थल पर पहुंचा भारी पुलिस बल

**इंदौर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के इंदौर में दो पक्षों में विवाद के बाद बम फटने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, घटना में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। मौके पर तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना इंदौर के बडगोंड थाना एरिया के बेरछा क्षेत्र में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, बडगोंड थाना क्षेत्र के बेरछा गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्ष आमने सामने आ गए।

# अब शुरू होगी महापौर हेल्पलाइन, हर माह जनता दरबार

## जनता जनार्दन की सेवा करना हम सबकी है जिम्मेदारी-महापौर

**जबलपुर, यशभारत।** आजादी की 75 वी वर्षगांठ पर सोमवार को नगर निगम प्रांगण में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के साथ समूचा परिसर भारत माता की जय से गूंज उठा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज उन वीर शहीदों को नमन हैं जिन्होंने हमें आजादी दिलाई और आज हम सब आजादी का अमृत महोत्सव देख पा रहे हैं। महापौर ने कहा कि जनता जनार्दन की सेवा करने की भी हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि नगर निगम और जनता के बीच समन्वय बनाने काम पार्षद करते हैं। इनकी मध्यस्थता से ही निगम की छवि अच्छी होती है। स्वतंत्रता दिवस के इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जिसमें सबसे महत्वपूर्ण यह थी कि आने वाले समय में जल्द ही महापौर हेल्पलाइन प्रारंभ की जाएगी जिसके माध्यम से लोग अपनी शिकायतें सीधे जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचा सकते हैं और इसके निपटारे के लिए भी समय सीमा निर्धारित होगी इसके साथ ही महापौर द्वारा घोषणा की गई कि निगम के सभी 16 जोन में हर महीने एक जनता दरबार लगेगा, जिसमें निगम के अधिकारियों के साथ साथ विधायक एमआईसी सदस्य व पार्षद मौजूद रहेंगे । जहां आम जनता सीधे अपनी समस्याएं जनप्रतिनिधियों के सामने रख सके। साथ ही नगर निगम में काम करवाने के लिए आने वाले लोगों के लिए जल्द ही एकल खिड़की की प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने को लेकर भी अन्नू ने घोषणा की। आम लोगों के साथ-साथ नवनियुक्त महापौर ने कर्मचारियों को भी तोहफा





दिया जिसमें उन्होंने घोषणा की है कि जल्द ही नगर निगम कर्मचारियों को प्रदेश सरकार के कर्मचारियों के अनुसार 8प्रश महंगाई भत्ता वेतन में जोड़कर दिया जाएगा।

### शहर में लगेगा सबसे ऊंचा तिरंगा

यश भारत को जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि अगले 15 अगस्त के पूर्व शहर में कोई एक स्थान चिन्हित कर देश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाएगा वर्तमान में प्रदेश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भोपाल स्थित बल्लभ भवन में लगा हुआ है लेकिन अगले स्वतंत्रता दिवस के पूर्व शहर में वल्लभ भवन से भी ऊंचा ध्वज लगाया जाएगा जिसकी ऊंचाई 251 फीट होगी।

### नगर निगम अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं-

इस अवसर पर अध्यक्ष रिंकू बिज ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के आवाह्न पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है ।उन्होंने इस अवसर पर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी ।इस दौरान पार्षदगण निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय पर्व पर नगर निगम के सभी कर्मचारी निर्धारित गणवेश में उपस्थित हुए।





# कांग्रेस ने तिलक भूमि तलैया, कमानिया खादी आश्रम में फहराया तिरंगा

**जबलपुर, यशभारत।** शहर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले आज सुबह आन बान शान के साथ तिरंगा फहराया गया। तिलक भूमि तलैया से गाजे-बाजे के साथ भारत माता के जयकारे के बीच तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें बग्घी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चन्द्रभान राय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमल जैन सवार थे। इसके सारथी बने प्रथम नागरिक, महापौर अन्नू सिंह। तिलक भूमि तलैया में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद रैली के रूप में सभी कांग्रेस जन कमानियागेट पहुंचे जहां महापौर जगत बहादूर सिंह अन्नू ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के संदेश का वाचन किया। इसके उपरांत यह रैली खादी आश्रम बड़ा फुहारा पहुंची जहां ध्वजारोहण के बाद समापन हुआ। समारोह में पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया, पूर्व अध्यक्ष दिनेश यादव, जगदीश सैनी, गीताशरत तिवारी, श्रीमती कमलेश यादव, रेखा जैन, सतीश तिवारी,झल्लेलाल जैन,राकेश चौधरी, पंकज पाण्डे, टीकाराम कोष्टा, मनोज सेठ, मनोज नामदेव, जतिनराज, राजेन्द्र पिल्लई समेत बड़ी संख्या में पार्टी जन मौजूद रहे।

# स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में जोश और उत्साह के साथ मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**जबलपुर, यशभारत।** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, बलदेवबाग शाखा में भारत का 75वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह को अमृत महोत्सव के रूप में बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय परिसर में चेयरपर्सन श्रीमती मधु जायसवाल द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। विद्यालय के गायन समूह एवं उपस्थित जनों में राष्ट्रगान प्रस्तुतकर देशभक्तिमय वातावरण निर्मित कर सबको उल्लासित कर दिया। इस शुभ अवसर पर चेयरपर्सन श्रीमती मधु जायसवाल , डायरेक्टर श्रीमती सुप्रिया जायसवाल , प्राचार्या श्रीमती रजनी घई , समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे। सभी के मुखारविन्द से स्वतंत्रता दिवस की खुशी और गर्त की भावना स्पष्ट झलक रही थी।उक्त कार्यक्रम स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर पर्व जायसवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या ने विद्यार्थियों को सम्बोधित



करते हुए अमृत महोत्सव का अर्थ समझाया कि यह स्वतंत्रता की ऊर्जा का स्वतंत्रता संग्राम के योद्धाओं की प्रेरणा का, नए विचारों और संकल्पों का साथ ही साथ देशप्रेम के प्राते मानवीय मूल्यों के संवर्धन का भी प्रतीक है। प्राचार्या जी के उद्बोधन के उपरान्त विद्यार्थियों दद्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता-पाठ, भाषण से सुसज्जित रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों में मिष्ठान्न वितरण कर किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
भारतीय जनता पार्टी
विधायक कार्यालय सिहोरा

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा, स्वतंत्रता दिवस पर झंडा वंदन दिया

**जबलपुर,यशभारत।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संभागीय कार्यालय गोपाल बाग स्थित निरोगधाम में झंडा वंदन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर संगठन के संभागीय अध्यक्ष



आर पी खरे ने अपने उद्बोधन में देश की अध्य उत्तरोतर प्रगति की कामना करते हुए सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष श्री खरे, संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय रजक , संभागीय उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार खरे, पार्थ खरे संभागीय सचिव शोभित गौतम, संभागीय कानूनी सलाहकार रोशन आनंद एडवोकेट एवं जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष श्याम किशोर रजक उपाध्यक्ष राजेश परेल, महासचिव विकास नेमा, जिला मंत्री आनंदीलाल विश्वकर्मा, सचिव संतोष कुमार प्रधान आदि की उपस्थिति रही।

## जम्मू से आकर सेना के जवान फहराया तिरंगा

**जबलपुर, यशभारत।** आजादी के 75 में अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के मौके पर



आर्मी के जम्मू पंच के सिपाही प्रियांशु सिंह बघेल द्वारा ओम कला मंदिर में तिरंगा झंडा फहराया गया। ओम कला मंदिर समिति ने सिपाही का सम्मान भी किया। इस अवसर पर प्रमोद विश्वकर्मा, राहुल पंजवानी सचिन सिंह बघेल, सर्वेश विश्वकर्मा एवं ओम कला मंदिर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस अवसर पर मौजूद रहे।

## एसडीएम पीके सेना गुप्ता का सम्मान : प्रभारी मंत्री ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

**जबलपुर, यशभारत।** एसडीएम पीके सेन गुप्ता द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वतंत्रता



दिवस के मौके पर स्टेडियम में प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने एसडीएम के उज्जवल भविष्य की कामना की। एसडीएम पीके सेन गुप्ता ने अपने सम्मान का प्रमुख कारण कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन द्वारा कराए गए कार्यों को बताया।

## विक्टोरिया परिसर में हुआ ध्वजारोहण

**जबलपुर यशभारत।** आज आजादी के अमृत महोत्सव 75 वें स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर सेठ गोविंद दास जिला चिकित्सालय जबलपुर के परिसर में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं सीएमएचओ डॉ सजंय मिश्रा द्वारा एक



गरिमामयी कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ राजकुमार चौधरी, डीएचओ डॉ डी जे मोहंती, आरएमओ डॉ पंकज ग्रोवर, डॉ संजय जैन,डॉ अमिता जैन,डॉ मनीष मिश्रा, डीआईओ डॉ एस एस दाहिया,डॉ धीरज धवंडे,डॉ राकेश पहाड़िया,डॉ पी सी आंनद,एमईआईओ अजय कुरील,डीपीएम विजय पांडे,एपीएम संदीप नामदेव,आदि मौजूद रहे।

## पश्चिम मध्य रेलवे ने भव्यता से मनाया आजादी का उत्सव



**जबलपुर, यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे ने भव्यता के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि रेलवे हमेशा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए कार्य करती रही है। हम विकास के साथ आधुनिक भारत को भी रफ्तार देने में अपनी सहभागिता दे रहे हैं । इस अवसर पर आरपीएफ के कमांडो ने मैदान पर अपना प्रदर्शन दिखाते हुए सभी के दिलों में देशभक्ति की अलख जगा दी। मंच पर हथियारों का प्रदर्शन कर यह बताया कि रेलवे और यात्रियों की सुरक्षा के लिए कितना तैयार हैं। इस दौरान पिरामिड के माध्यम से उन्होंने अपनी एकाग्रता और संतुलन का भी परिचय दिया।

सेल... सेल... सेल...
मानसून ऑफर
फैन्सी साड़ियाँ, सूट, लहंगा, इवनिंग गाऊन, क्रॉप टॉप, कुर्ती पर
UPTO 50% OFF
श्री शुभमंगल कलेक्शन
सतना बिल्डिंग, मालवीय चौक, जबलपुर 0761- 4015444, 7828684355
NARMADA

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspirationN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयधाट) सीने में दर्द व भारीपन
उच्च रक्तचाप बी.पी.का बढ़ना या घटना
घबराहट व धड़कन बढ़ना बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 6:30 से 10:00
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

स्थापना 1948 74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
रोस्टेट नमकीन सत्तू मूंगफल्ली की लइया रोस्टेट ड्राई फ्रूड वेक्ड टोस्ट करेला चिप्स पीनट चिक्की ड्राईभेल बिस्केट फुल्की रोस्टेड मूंगफल्ली सिंधी पापड़ चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

# चहूं ओर फहराया तिरंगा

## बिजली कंपनियों के मुख्यालय शक्ति भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास और उत्साह से मनाया गया





पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन।

**जबलपुर यश भारत।** विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्ति भवन में आज़ादी का अमृत महोत्सव व स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ समारोह उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली। अनय द्विवेदी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा इंदिरा गृह ज्योति योजना, अटल किसान ज्योति योजना, स्वयं का ट्रांसफार्मर योजना, इंटीग्रेटेड पावर डेवलपमेंट स्कीम, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, सौभाग्य योजना, उदय योजना, आत्म निभज़्र मध्यप्रदेश जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के डायरेक्टर अविनाश वाजपेयी, पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर प्रतीश कुमार दुबे, पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशासन) राजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मी महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे।

**54 कर्मी पुरस्कृत-** अनय द्विवेदी ने उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति और बेहतर प्रदर्शन के लिए विभि न्न बिजली कंपनियों के 54 कर्मियों को पदक व प्रमाण पत्र प्रदान किए। वर्ष 2021-22 में न्यूनतम विद्युत दुर्घटना के लिए हरदा संचारण-संधारण सकिज़्ल को प्रथम स्थान की चलित शील्ड प्रदान की गई। समारोह में सुरक्षा विभाग के बैंड दल ने रमेश चंद्रावत के नेतृत्व में राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत मधुर धुनों को प्रस्तुत किया। परेड का नेतृत्व वरिष्ठ सुरक्षा उपनिरीक्षक श्री प्रवीन कपूर ने किया। कार्यक्रम का संचालन जनसम्पर्क अधिकारी पंकज स्वामी ने एवं आभार प्रदर्शन मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने किया।

**संभागायुक्त कार्यालय:** संभागायुक्त कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रात: 8 बजे संभागायुक्त बी चंद्रशेखर ध्वजारोहण किया इस आयोजन में कमिश्नर कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

**कलेक्ट्रेट परिसर में प्रात:** 8 बजे कलेक्टर डा. इलैयाराजा टी ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत ध्वजारोहण के मुख्य कार्यक्रम में सभी कर्मचारी-अधिकारी शामिल रहे। महाधिवक्ता कार्यालय में प्रात: 8.15 बजे महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने ध्वजारोहण किया।

**मुजावर मुहल्ले में ध्वजारोहण-** स्वतंत्र दिवस के अवसर पर मुजावर मुहल्ले गढ़ा में ध्वाजा आरोहण किया गया। ध्वाजा आरोहण पार्षद शेखर सोनी ने किया। मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर कादरी, निज़ाम अली, समीर मास्टर, जुबेर भाई, अमान भाई तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के निमित्त अध्यक्षो को तिरंगा वितरण कार्यक्रम किया।



### जबलपुर कलेक्टर की दरियादिली

# बच्चों को भींगता देख कलेक्टर बगैर छाता के उनसे मिलने पहुंच गए



**जबलपुर, यशभारत।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक आयोजन हुए। पूरा जिला तिरंगा रंग में रंग गया है। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में हुआ। इस दौरान कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी का एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसमें सभी अधिकारी-कर्मचारी उनकी सराहना करते हुए थक नहीं रहे हैं। दरअसल कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले बच्चे बारिश में भीग रहे थे, उन्हें भींगता देख कलेक्टर बगैर छाता के उनसे मिलने पहुंच गए। कलेक्टर ने भीग रहे बच्चों से कहा कि बारिश ज्यादा हो रही तो आप लोग प्रस्तुति कैंसिल कर सकते हो लेकिन कलेक्टर की दरियादिली को देखकर बच्चों ने भी कहा जब आप हमारे लिए भीगते हुए यहां पहुंच सकते हो तो फिर हम भी प्रस्तुति दे सकते हैं। कलेक्टर को देख प्रभारी मंत्री सहित अन्य अधिकारी भी बारिश में तरबतर हो रहे बच्चों से मिलने पहुंचे।

# नगर निगम जेसीबी का टायर फटा, ड्रायवर की मौत

### हवा भरते समय हुए हादसा

**जबलपुर, यशभारत।** दमोहनाका नगर निगम जोन क्रमांक के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब जेसीबी के टायर फटने से ड्रायवर की मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब ड्रायवर जेसीबी में का अगला चका फिट कर रहा था। ड्रायवर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुहागी नगर निगम जोन क्रमांक 15 के जेसीबी ड्रायवर धर्मेंद्र डहेरिया की गाड़ी का सामने का पहला चका दमोहनाका क्षेत्रीय बस स्टेण्ड के पास पंचर हो गया। धर्मेंद्र गाड़ी का पंचर बनवाकर चके को फिट कर रहा था उसी वक्त टायर तेज आवाज के साथ फटा और ड्रायवर सिर बल दूर जाकर छिटक गया। सिर में चोट लगने के कारण ड्रायवर लहूलुहान हो गया जिसे क्षेत्रीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।



# बूथ अध्यक्षों को तिरंगा वितरण किया

**जबलपुर यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एवं हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के निमित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव के नेतृत्व में मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद चोहटेल के संयोजन में पूर्व विधान सभा के सभी चारों मंडल के बूथ अध्यक्षों को तिरंगा वितरण किया गया साथ ही सभी से आग्रह किया कि तिरंगा का मान सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, और 15 अगस्त को आप सभी आजादी का 75वां अमृत महोत्सब को देश भक्ति से हम सभी अपने क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाए। कार्यक्रम में प्रमोद चौहटेल योगेंद्र राजपूत ,योगेश लोखंडे , अशोक रोहितास मंगन सिद्धिकी राहुल दुबैमाया सिह राजपूत संतोष झारिया, शशिकांत राना राजेश मार्वेकर जागेश समुन्द्रे शिवा चोधरी संजय डोमल,,विकास चोधरी राजेन्द्र ठाकरे मुकेश कोरी,राजा सोनकर संदीप शुक्ला सर्वेश मिश्रा आशीष चौधरी,रिंकू मौर्य अनूप कोरी सोनू सुमित दत्त,मनीष राजेन्द्र बंसल जुगनू वंशकार ,असबिष पासी मनीष चौधरी दीपक कछवंदीया, एव भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली जीवंत क्रांतिकारियों के साथ तिरंगा पद यात्रा

**जबलपुरयशभारत।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को पूरा देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है इसी तारतम्य में भाजपा नगर मंत्री रंजीत पटेल, आयुष चौबे, आकाश गुप्ता के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा पद यात्रा निकाली साथ ही देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर बलिदानियों की जीवंत झांकी निकाल कर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, अखिलेश जैन, डॉक्टर जितेंद्र जामदार, प्रभात साहू, कमलेश अग्रवाल, अनिल तिवारी, रोहित जैन, आयुष चौबे, चन्द्रशेखर पटेल, गगन यादव, आकाश गुप्ता, मयंक मिश्रा, अनिकेत चौरसिया, कमल सिंह, शानू दुबे, कमलजीत भाठीजा, दीपक मंगलानी, प्रतीक पांडेय, विशाल चौबे, अर्जुन रजक, राहुल मिश्रा, प्रशान्त गुप्ता, शरद पटेल, युवराज सिंह यादव, राहुल पटेल, अनमोल पटेल, किशन लालवानी, लीविश पटेल, आदेश पटेल, आशु रजक आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शास्त्री ब्रिज में तिरंगा लहराया



आजादी के इस अमृत महोत्सव को उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा जबलपुर का हृदय स्थल शास्त्री ब्रिज में जाकर पूरे शास्त्री ब्रिज में तिरंगा लहराया गया जहां पर महापौर जगत बहादुर अन्नू ,पूर्व महापौर प्रभात साहू , हर्षित सिंघई , पार्षद अमरीश सिंह , नर्मदा बचाओ अभियान के विनोद शर्मा और संस्था के सभी सक्रिय सदस्यों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । इस कार्यक्रम में संजय खत्री ,उमेश कटारे , टी आर सनोदिया सौरभ चौब, एसएन दुबे ,प्रवीण यादव ,चंद्रशेखर पटेल ,प्रवीण गुप्ता संतोष नेमा , रितेश गुप्ता ,अमि खरे , सुधा गुप्ता, पीयूष गुप्ता, प्रीति गुप्ता आदि उपस्थित रहे । समापन राष्ट्रगीत के द्वारा किया गया।

# भारत रक्षा मंच द्वारा दी गई विभाजन विभीषिका के 10 लाख शहीदों को श्रद्धांजलि

**जबलपुर, यशभारत।** भारत की आजादी के समय फैली सांप्रदायिक हिंसा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 10 लाख गुमनाम शहीदों भारत रक्षा मंच द्वारा वंदे मातरम् चौक, सिविक सेंटर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ. श्रद्धा तिवारी,मंच के प्रांत अध्यक्ष डॉ .एच.पी. तिवारी,समाजसेवी पं. योगेंद्र दुबे, जगदीश दुबे, पी .जी. नाजपांडे, स्नेहा ज्योति सिंह,राकेश त्रिवेदी, अर्चना गोस्वामी, देवेंद्र सोनी, विनीता शर्मा, मीना पांडे,नवीन पटेल, संजय चक्रवर्ती, मनु पयासी, मंजू शर्मा, सुरभी जैन,मोनिका सिंह, रामायण चौबे,राकेश उपाध्याय, संजय भगत,मंजू इंगले, विनीता नायडू , सत्य प्रकाश यादव,निशांत वाजपेई, भारती जैन,विथि इंगले, कमलेश कुमार,रत्ना दीक्षित डॉ. आशीष श्रीवास्तव, राम शंकर शुक्ला, सोनाली पाठक,संतोष दुबे, आशुतोष तिवारी सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता व राष्ट्रभक्त उपस्थित थे।

# पाटन जनपद कार्यालय में जनप्रतिनिधियों ने फहरा दिया उल्टा झंडा




**जबलपुर यश भारत।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश प्रदेश जिला और ग्रामीण क्षेत्रों में झंडा फहराया जा रहा है झंडे को लेकर समुच्चये जिले में उत्साह का माहौल है । लेकिन इसी उत्साह के चक्कर में पाटन जनपद कार्यालय में जनप्रतिनिधियों द्वारा उल्टा ध्वज फहरा दिया गया। मालूम हो कि झंडे का केसरिया रंग सबसे ऊपर रहता है लेकिन कार्यालय में जो झंडा फहराया गया उसमें केसरिया रंग नीचे था। हालांकि गलती सामने आई तो अधिकारियों ने जनपद के जनप्रतिनिधियों को झंडा फहराने से रोकना चाहा लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### सोशल मीडिया पर जारी होगा वीडियो

पाटन जनपद कार्यालय में उल्टा ध्वज फहराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी हुआ है इस वीडियो में साफतौर पर देखा जा रहा है कि कि जनपद के जनप्रतिनिधि उल्टा ध्वज लहरा रहे हैं जिसे देखकर एक अधिकारी दौड़कर आया और उसने झंडा फहराने से मना कर दिया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# यात्रा निकाल हिन्दू सेवा परिषद् ने हर घर तिरंगा का संदेश दिया

**जबलपुर,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत हिन्दू सेवा परिषद् के तत्वाधान में आज विशाल तिरंगा यात्रा नौद्राब्रिज स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ की गई जो कि बड़ा फुआरा, मालवीय चौक ,शास्त्री ब्रिज, गोरखपुर, कटंगा होते हुए सदर स्थित भारत माता चौक में भारत माता पर माल्यार्पण करके यात्रा संपन्न की। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के जय घोष निरंतर लगाए गए ।इस विशाल तिरंगा यात्रा में कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों राष्ट्रभक्त शामिल हुए जिन्होंने मार्ग में जबलपुर शहरवासियों को अपने घर, प्रतिष्ठान एवं स्थान पर तिरंगा लगाने की अपील की ।हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने कहा कि 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर हमें गर्व है एवं तिरंगा हमारा अभिमान है। हर घर तिरंगा लगाना राष्ट्र की एकता और अखंडता का अटूट प्रतीक है। यात्रा में अतुल जेसवानी, सौरभ जैन, गौरव साहू ,जितेंद्र चिमनानी उत्कर्ष रावत, दीपक विश्वकर्मा, उमेश रजक, अभिषेक अहिरवार, रवि कुशवाहा, राजा राजक, अनिल कुशवाह, मुकेश बर्मन, पंकज कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, शुभम विश्वकर्मा, अभिजीत भसीन, कपिल परसवानी, पारस चिमनानी, निखिल कनौजिया, पप्पू रान, आशीष सोनी ,सचिन सेन एवं अन्य तिरंगा यात्रा में शामिल थे।

# स्वतंत्रता के दीवानों के नाम के जय घोष के नारे लगाते निकली आदिवासी शबरी महासंघ एवं कांग्रेस की तिरंगा यात्रा



**जबलपुर, यश भारत।** आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव पर अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ द्वारा एवं कांग्रेस के द्वारा 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है तिरंगा यात्रा दोपहर 12ः30 बजे अमर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाइक से प्रारंभ हुई जो गोहलपुर मिलौनीगंज कोतवाली बड़ा फुहारा लालगंज गंजीपुरा मालवीय चौक तीन पत्ती चौराहा होते हुए नगर निगम कार्यालय के सामने स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त हुई रैली मार्ग पथ पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के एवं शहीदों के नारे लगाए जा रहे थे रैली में कार्यक्रम संयोजक पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया एवं रोशन लाल कोल कुंजीलाल गोटिया जेठू लाल कोल भैया लाल गोटियां मगनलाल भूमिया लक्ष्मीनारायण कुल मोतीलाल गोटिया बाबा नेम सिंह मरकाम सुमित्रा गोटिया अनीता गोटिया जितेंद्र गोटिया बालवीर गोटिया गणेश स्कूल कमला गोटिया लल्लू मुखिया अशोक गोटिया प्रकाश कोल प्रहलाद को शिवकुमार गोंटिया, राजरावतगोटिया आदि उपस्थित रहे जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अनु इंदिरा पाठक तिवारी कमलेश यादव ममता तिवारी संगीता त्रिपाठी श्वेता दुबे राहुल गुप्ता संजय शर्मा राजेंद्र पटेल संजू गोटिया गोलू तिवारी विक्रम चौबे राजेश मिश्रा राजेश साहू राकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# पंजाबी महासंघ ने किया 75 यूनिट रक्तदान



**जबलपुर,यशभारत।** देशभर में स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष को अमृत महोत्सव मैं मनाया जा रहा है इसी श्रंखला में पंजाबी महासंघ जबलपुर यूथ विंग ने मदन महल श्री राम मंदिर परिसर में रेड क्रॉस सोसाइटी एवं श्री राम मंदिर समिति के साथ मिलकर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कर 75 यूनिट रक्त का दान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष, राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र जामदार ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने पंजाबी महासंघ जबलपुर के यूथ विंग के युवाओं में देश प्रेम के जज्बे की सराहना की एवं देश की आजादी में पंजाबियों की अहम भूमिका का वर्णन किया 7 व विभाजन के दौरान पंजाबी समाज पर जो अत्याचार हुए उस पीड़ा का भी विस्तृत वर्णन किया । महासंघ जबलपुर के अध्यक्ष इन्दर मोहन भाटिया ने आजादी के लिए शहीद हुए हजारों लोगों को नमन करते हुए बढ़ा जा रहा है वतन का सिपाही च्च स्वालिखित कविता का पाठ किया । यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन भाटिया ने शिविर में रक्तदान करने पहुंचे युवाओं को पुष्पगुच्छ व प्रमाण पत्र दे सम्मानित किया । अनुमानित 30 यूनिट से अधिक रक्तदान किया। रक्तदान के दौरान सबसे मनोरम दृश्य तब देखने को आया जब पंजाबी महासंघ के सह सचिव एवं नगर निगम के अध्यक्ष श्री रिंकू विज जी युवाओं के बीच पहुंचे उन्हें देख युवाओं ने हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर रक्तदान किया और भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारे भी लगाए ।कार्यक्रम के संयोजक श्री राम मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन मखीजा एवं अभिलाष पांडे ने भी रक्त दाताओं के बीच पहुंच उनका उत्साहवर्धन कियाइस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में पंजाबी महासंघ जबलपुर यूथ विंग के अध्यक्ष अंकित ग्रोवर का विशेष योगदान रहा, साथी साथ संस्था के सचिव राजेश भाटिया, निखिल पाहवा, प्रवीण गुलाटी, राकेश महाजन, पुनीत गुलाटी, अतुल अरोरा, अमन शर्मा, कौशल सूरी, सी.ए. पियूष कपूर, वरुण नैय्यर, सतीश वर्मा, किरण मल्होत्रा, राहुल सहगल, पवन डसवाल, रोहित माटा, धीरज सभरवाल, शैलेंद्र कपूर, जितिन नारंग, विदेश माटा, अभय पचौरी, मनोज गुप्ता ने भी विशेष सहयोग किया।

### प्रतियोगिता ने अमृत महोत्सव की शान बढ़ाई

# तिरंगा क्रास कंट्री दौड़ का सफल आयोजन



**जबलपुर,यशभारत।** जागरूक खेल संघ एवं एम.पी.मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य अतिथि विधायक महोद्य विनय सक्सेना , विशिष्ट अतिथि चमन श्रीवास्तव, रवि पटेल, राजू पहलवान, केशलाल रजक, लॉरेन्स मार्टिन, प्रदीप चौकसे आदि की उपस्थिति में शिवाजी मैदान से तिरंगा क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन विभिन्न आयुवर्ग के लगभग 300 महिला, पुरूष प्रतिभागियों एवं अन्य जन प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जीवन लाल रजक एवं दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि तिरंगा क्रास कंट्री दौड़ में क्रमश: अंडर 20 बॉयस में प्रथम-राम चन्द्र, द्वितीय-अभिषेक, तृतीय-आदित्य एवं अंडर 20 गर्ल्स में प्रथम रक्षा रजक, द्वितीय आलिया खान, तृतीय भारती वर्मा। पुरूष वर्ग प्रथम-राम सिंग, द्वितीय-युवराज, तृतीय-सतेन्द्र एवं महिला वर्ग में प्रथम-महिमा, द्वितीय-मोना चक्रवती, तृतीय-प्रतीमा दत और 40 पल्स आयु वर्ग में प्रथम- शैलेष यादव, द्वितीय-दिनेश कुमार तृतीय जगदीश रहे ।संघ के राकेश श्रीवास, प्रदीप पटेल, राजकुमार यादव, तेजवन सिंह, स्टेनली नॉबर्ट, रऊफ खान, राम मूर्ति पिल्ले, ए.एल.उस्मानी, दिनेश गौंड़, आनंद मिश्रा, क्रिस्टोफर नरोन्हा, चमन अग्रवाल, सुधीर अवधिया, सुरेश पासी, भागवती ठाकुर, फिलिप अन्थोनी, धनराज पिल्ले, बिन्दु पिल्ले, पलवी पिल्ले, गोपीशाह, सी.परेरा, डी.डी.लखेरा, जुगनू उस्मानी, मोदित रजक, हेमन्त ठाकरे, आर.पी.खनाल, जितेन्द्र रजक, विष्णु प्रसाद, महेन्द्र विश्वकर्मा, दिलीप चौधरी, चन्द्रषेखर स्वामी, शुभम रैकवार, विजय तिवारी, डी.के.मेषराम,संदीप कुमार, कादरी अहमद अंसारी, काषी वर्मा, नवनीत पिल्ले, रमन स्वामी, राजकुमार बाबरिया, विष्णु, रोहित रांणा, विष्णु पनीकर, पंकज यादव, कादिर अहमद, जुबेर कुरेशी आदि उपस्थित रहे।

# मानसून सीजन में आज पहली बार दोपहर तीन बजे खुलेंगे बरगी बांध के 13 गेट, अलर्ट जारी



**जबलपुर यशभारत।** मानसून सीजन में सोमवार को पहली बार बरगी बांध (रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना) के 13 गेट खोले जायंगे। बांध के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बरगी बांध प्रबंधन ने सोमवर को दोपहर 3 बजे 13 गेट खोले जाने का निर्णय लेते हुए निचले क्षेत्र के रहवासियों के लिए अलर्ट जारी किया है। नर्मदा नदीं के तटीय क्षेत्र एवं जलभराव वाले इलाकों से सुरक्षित और पर्याप्त दूरी बनाये रखने का आग्रह करते हुए मुनादी भी कराई जा रही है। रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित करने सोमवार 15 अगस्त को दोपहर 3 बजे इसके 13 जलद्वारों को औसतन 1.60 मीटर को ऊंचाई तक खोला जायेगा और इनसे 3 हजार घन मीटर प्रति सेकेंड पानी छो ?ा जायेगा । कार्यपालन यंत्री बरगी रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बांध संभाग अजय सूरे के अनुसार सोमवार की प्रात 7 बजे बरगी बांध का जलस्तर 420.90 मीटर हो गया है। जल स्तर को 421 मीटर 15 अगस्त तक रखा जाना है। सुबह 7 बजे की स्थिति में बांध मे 3700 घन मीटर प्रति सेकण्ड जल की आवक हो रही है।

### 20 से 25 फीट बढ़ जायेगा नर्मदा का जलस्तर

बरगी बांध के 13 गेट 1.60 मीटर औसत उंचाई तक खोले जाने और इनसे 3 हजार घन मीटर प्रति सेकेंड जल छोड़ा जाएगा। इससे नर्मदा घाटों का जलस्तर 20 से 25 फुट बढ़ जाएगा। कार्यपालन यंत्री बांध संभाग ने निचले क्षेत्र एवं नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्र के निवासियों से घाटों से पर्याप्त दूरी बनाये रखने का अनुरोध किया है।

### जलाशय भी लबालब

बीते 24 घंटे में 70 मिलीमीटर यानी करीब दो से ज्यादा इंच वर्षा हो चुकी है। सीजन में इस अच्छी वर्षा के चलते परियट, खंदारी जलाश्य भी लबालब हो गए है। परियट जलाश्य अपने अधिकतम 1390 मीटर को छू कर ओवर फ्लो हो गया है। वही खंदारी भी भरने की कगार पर है। सोमवार को भी सुबह से वर्षा का सिलसिला जारी है।

# भारत मां की शान और स्वाभिमान पर कभी नहीं आने देंगे आंच : मुख्यमंत्री

## पुलिस जवानों की बाइक और पैदल तिरंगा रैली में दिलाया संकल्प,रैली में 1500 लोग और 300 बाइक हुई शामिल

**भोपाल, प्रतिनिधि।** हम सब संकल्पित हों कि भारत मां की शान और स्वाभिमान पर कभी आंच नहीं आने देंगे। देश की एकता और अखण्डता को कम नहीं होने देंगे। यह संकल्प मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय से पुलिस जवानों की बाइक एवं पैदल तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाते समय कही। इस अवसर पर गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर भी उपस्थित थे। 75वीं वर्षगांठ पर 75 मीटर लंबा तिरंगा लेकर किया पैदल मार्चआजादी की 75वीं वर्षगांठ पर राजधानी के जवानों ने 75 मीटर लंबा तिरंगा लेकर पैदल मार्च किया। यह मार्च कमिश्नर कार्यालय से शुरू होकर राजभवन तिराहे के समाने से वापस होते हुए एमवीएम कालेज के सामने, पुराना पुलिस कंट्रोल रूम के सामने से होते हुए लाल परेड मैदान पर समाप्त हुई। जिसमें पुलिसकर्मी, सामुदायिक इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थी, नगर व ग्राम रक्षा समिति, शक्ति समिति, एनसीसी के विद्यार्थी, स्वयं सेवी संगठन केसदस्य नागरिकों सहित लगभग 1500 लोग शामिल हुए। वहीं रैली में लगभग 300 बाइक शामिली थी, जो कमिश्नर कार्यालय से रोशनपुरा होते हुए पालीटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेत घाट, वीआइपी रोड होते हुए लालघा टी चौराहे से वापस वीआइपी रोड, रेत घाट, कमला पार्क, रविंद्र भवन के सामने से होते हुएछोटे तालाब, खटलापुरा, सातवीं वाहिनी, के सामने से लाल परेड मैदान पर समाप्त हुई। देश की आंतरिक रक्षा करते हुए जवानों ने दिया है बलिदानमुख्यमंत्री ने कहा कि च्झंडा ऊंचा रहे हमारा, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा। इसकी शान जाने न पाए, चाहे जान भले ही जाएज्ज हमें ऐसा प्रण लेना चाहिए। 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली। आजादी के साथ ही हमारा देश विभाजित भी हो गया था। हमें अपने देश की रक्षा करने की प्रेरणा देने वाला यह अद्भुत कार्यक्रम है। मध्यप्रदेश पुलिस का गौरवशाली इतिहास है। आंतरिक रक्षा करते हुए हमारे जवानों ने न केवल पराक्रम और शौर्य का प्रदर्शन किया है बल्कि कई बार बलिदान भी दिया हैं। हमें अपने इरादों को आगे ब?ने से कोई नहीं रोक सकता है।पुलिस आयुक्त देऊस्कर ने कहा कि जवानों में देश भक्ति और जनसेवा की भावना जागृत करने के लिए यह भव्य तिरंगा रैली निकाली गई है। आजादी के अमृत महोत्सव में शहर के सभी थाने सुसज्जित किए गए हैं। रैली में जवान वर्षा होने के बाद भी डटे रहे, इससे उनका उत्साह अलग ही दिख रहा था।





**आजादी के रंग में रंगे मध्यप्रदेश के मंदिर और ऐतिहासिक स्थल, सरकारी भवनों में भी आकर्षक सजावट**

भोपाल यशभारत। देशभर में 76वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान के चलते जहां घरों में राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे हैं तो वहीं मंदिर, ऐतिहासिक स्थलों और शासकीय भवनों में तिरंगामय सजावट की गई है। आकर्षण साज सज्जा लोगों को मन को मोहित कर रही हैं और लोग गर्व के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न में सराबोर हैं। आइए आपको मध्यप्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर की गई आकर्षण साज सज्जा की तस्वीरें दिखाते हैं।मंडल रेल प्रबंधन के भोपाल दफ्तर में केसरिया, हरे और सफेद रंग की रोशनी से तिरंगामय साज सज्जा की गई, जो काफी आकर्षक लग रही है।

## देश भर में हर घर तिरंगा

# देशवासियों ने भारत मां को पहनाया तिरंगे का चोला

**भोपाल, यशभारत। देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर पूरा देश अमृत महोत्सव मना रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देशभर में हर घर तिरंगाज अभियान शुरू होते ही राष्ट्रीय ध्वज को हर कोई फहरा रहा है। पूरे देश सहित हृदय मध्यप्रदेश में चारों तरफ राष्ट्रीय ध्वज के प्रेम में हर नागरिक डूबा हुआ हैं।**

एक सब्जी बेचने वाले के ठेले से लेकर बड़े व्यावसायिक संस्थान पर, हर गली - मोहल्ले के घर, बंगले, सभी बाजारों की दुकानों पर जहां नजर जाएं वहीं तिरंगा दिखाई दे रहा है। मानों ऐसा लग रहा है जैसे देश प्रेम में डूबे देशवासियों ने भारत मां को तिरंगे का चोला पहना दिया हो। देश को 15 अगस्त 1947 को मिली आजादी का अमृत महोत्सव एक महापर्व बन गया है। अपने राष्ट्र के प्रति पूरे समर्पण भाव से तिरंगा फहराने के जरिए हर कोई अपने प्रेम का इजहार कर रहा है।

**कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया**

राजधानी में 15 अगस्त को भोपाल कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर अविनाश लवानिया ने ध्वजारोहण किया।



**राजधानी में फहराए पांच लाख से अधिक तिरंगे**

हर घर तिरंगा अभियान शुरू होने से पहले ही भोपाल में आजादी के अमृत महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई थी। इसके लिए जिला पंचायत ने स्व-सहायता समूह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज बनवाना शुरू कर दिया था। अब तक राजनीतिक, सामाजिक संगठनों द्वारा महोत्सव के दौरान कई तिरंगा यात्राएं निकाली हैं। शहर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने से पहले ही लगभग पांच लाख से अधिक तिरंगे फहराए गए हैं। इनमें जिला पंचायत ने तीन लाख 25 लाख तिरंगे बेचे हैं। इनमें से सवा दो लाख शहर और एक लाख ग्रामीण क्षेत्र में फहराए गए हैं। जबकि डाकघर ने 32 हजार और रेलवे ने 17 हजार तिरंगे बेचे हैं। इसके अलावा राजनीति, सामाजिक संगठन सहित अन्य ने शहर में लगभग सवा लाख तिरंगे झंडे फहराएं हैं।

यात्राओं के बाद वापस रखे तिरंगे पुलिस, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा रैली व यात्राएं निकाली जा रही हैं। इनके लिए पुलिस विभाग और संगठनों ने बड़ी संख्या में तिरंगे खरीदे हैं। जिन्हें रैली के दौरानपुलिस के जवानों को दिया जाता है इसके समाप्त होने के बाद जवानों से यह झंडे वापिस जमा करवा लिए जाते हैं। इतना ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत महोत्सव को महापर्व का रूप देने के लिए शहर के हर बड़े शासकीय और निजी संस्थानों पर आकर्षक लाइटिंग की गई है और चारों तरफ राष्ट्रीय ध्वज फहराए गए हैं। इस बार का स्वतंत्रता दिवस आजादी की 75वीं वर्षगांठ होने से एक महापर्व बन गया है।

# जहांगीराबाद में शासकीय स्कूल की छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली

भोपाल, यशभारत। राजधानी के शिक्षण संस्थानों में च्आजादी का अमृत महोत्सवज्ज धूमधाम से मनाया जा रहा है। कुछ स्कूलों में तिरंगा रैली निकाली जा रही है। रविवार को शासकीय उमावि, जहांगीराबाद में ऐसा ही एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ब्रजेश चौहान, महापौर मालती राय के साथ-साथ संस्था की प्राचार्य उषा खरे सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्राएं भी मौजूद रहीं। इस दौरान कार्यक्रम में जहांगीराबाद क्षेत्र में करीब दो किमी तक तिरंगा रैली निकाली गई। छात्राओं ने आत्मरक्षा का जो प्रशिक्षण लिया, उसकी प्रस्तुति दी। सभी छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान कुछ छात्राएं भारत माता का रूप धारण किए हाथ में तिरंगा थामे रैली में शामिल हुई। उन्होंने सभी को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम में महापौर मालती राय ने कहा कि राजधानी में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। आप सभी युवा पीढ़ी राजधानी को साफ सुंदर बनाने में सहयोग दें। वहीं बाल आयोग के सदस्य ब्रजेश चौहान ने बाल अधिकारों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। साथ ही उन्होंने छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, डायल-100 आदि की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आपके अधिकारों का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। अगर कहीं कोई भी आपके साथ अनहोनी हो तो आप उसका विरोध जरूर करें। इसके लिए आपको आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी लेना चाहिए। सभी छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देना आवश्यक है।



भेल स्थित शासकीय उमावि महात्मागांधी स्कूल में तिरंगा रैली निकाली गई। इसमें विद्यार्थियों सहित शिक्षकों ने भी तिरंगा थामा। पूरे भेल के क्षेत्र में तीन किमी तक रैली निकाली गई। वहीं प्राचार्य हेमलता परिहार सहित शिक्षकों ने भी हाथ में तिरंगा थामे कदमताल किया। सभी को आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई दी गई।जहांगीराबाद में शासकीय स्कूल की छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैलीशासकीय उमावि, जहांगीराबाद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महापौर मालती राय एवं बाल आयोग के सदस्य ब्रजेश चौहान भी शामिल हुए।

# नूतन कालेज में छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली। हर घर तिरंगा फहराने की अपील

भोपाल, यशभारत। राजधानी में स?थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय (नूतन कालेज) में आजादी का अमृत महोत्यव के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डा. प्रतिभा सिंह, प्रशासनिक अधिकारी डा. अशोक नेमा एवं एनसीसी अधिकारी डा. रीता बमनेला ने शामिल होकर हर घर तिरंगा अभिभान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स को तिरंगा का महत्व समझाते हुए कहा कि तिरंगा के प्रति जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन-बान व शान है। इस कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने हर घर तिरंगा अभियान पर आधारित भाषण एवं पोस्टर प्रस्तुत किए एवं नारे लगाएं। इस कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान रैली निकाली गई, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डा. प्रतिभा सिंह, प्रशासनिक अधिकारी डा. अशोक नेमा एवं एनसीसी अधिकारी डा. रीता बमनेला और एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य छात्राएं शामिल होकर राहगीरों को तिरंगे का महत्व समझाया।

# अंखड भारत दिवस पर महिलाओं ने सायकल रैली निकली

**भोपाल, यशभारत। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर ईदगाह हिल्स स्थित शहीद गेट पर भाजपा गुरुनानक मंडल द्वारा सिंध ए हिंद विभाजन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश संगठन महामंत्री हित्यानंद शर्मा , प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी ने किया। सिंध प्रांत से आए भारत की नगरिकता मिलने वाले भारतीयों का सम्मान किया गया इस अवसर पर अखंड भारत के संकल्प के लिये महिलाओं द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया।**

**सिंध से आए नागरिकों का किया सम्मान**

इस अवसर पर हित्यांनाद शर्मा ने कहा अखण्ड भारत का विचार उतना ही पुराना है, जितना कि सभ्यताओं का इतिहास और इसका विस्तृत वर्णन प्राचीन भारतीय शास्त्रों में किया गया है। अखण्ड भारत के विचार का प्रतिपादन महान भारतीय अर्थशास्त्री चाणक्य ने किया था। तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व, भारतीय उपमहाद्वीप जिसमे अब अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, नेपाल, बर्मा, तिब्बत, भूटान और बांग्लादेश जैसे आधुनिक समय के राष्ट्र हैं, ये सभी अखंड भारत के स्वायत्तशासी राज्यों मे विभक्त थे । चाणक्य ने एक अखंड भारत के विचार को रेखांकित किया जिसका अर्थ है कि इस क्षेत्र मे स्थित सभी राज्य एक ही सत्ता , शासन और प्रशासन के अधीन होंगे। महान स्वतंत्रता सेनानी और हिंदू महासभा के नेता विनायक दामोदर सावरकर ने एक अखंड भारत के साथ-साथ एक हिंदू राष्ट्र की धारणा को प्रतिपादित किया, जिसमे 'कश्मीर से रामेश्वरम और सिंध से असम तक' सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप में हिंदुओं के बीच प्रबल सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक एकता पर जोर दिया गया। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के समय, कन्हैयालाल मुंशी ने अखंड हिन्दुस्तान की वकालत की, जिनके इस प्रस्ताव को मोहनदास करमचंद गांधी ने भी स्वीकार किया। 7-8 अक्टूबर 1944 को, दिल्ली में, प्रमुख बुद्धिजीवी राधा कुमुद मुखर्जी ने दिल्ली में अखंड हिन्दुस्तान लीडर्स कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की।

**विभाजन के सच को दर्शाती हुई यह प्रदर्शनी**

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया विभाजन के सच को दर्शाती हुई यह प्रदर्शनी लगातार 3 दिनों तक स्थापित कर आमजन से आग्रह किया प्रदर्शनी देखने अवश्य आए ।इस अवसर पर जिला मंत्री अश्वनी राय, पार्षद देवेंद्र भार्गव, सरोज आसेरी, हरिओम आसेरी, भगवानदास ढालिया, नरेंद्र ठाकुर, महेंद्र कटकोले,अतुल घेंघट, सुनील सराठे, यतिन मकवाना, सुकांति ठाकुरिया, राजकुमारी डोगरे,रीटा बजाज,राजा शर्मा, विष्णु राजपूत, निककी ठाकुर ने झंडा वंदन -राष्ट्रगान कर तिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़ आजादी के 75वे अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं प्रषित की।

## एडीजी जी इंटेलीजेंस आदर्श कटियार

# इंदौर के पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा सहित प्रदेश के 50 पुलिस अधिकारी होंगे सम्मानित

**भोपाल, यशभारत।** एडीजी जी इंटेलीजेंस आदर्श कटियार, इंदौर के पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा सहित प्रदेश के 50 पुलिस अधिकारियों और जवानों का स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इन्हें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पदक देंगे। इनकी घोषणा पिछले साल 15 अगस्त और इस साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर किया गया था।



इनको मिलेगा विशिष्ट सेवा पदक

विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदम एडीजी एजेके राजेश गुप्ता, एडीजी इंटेलिजेंस आदर्श कटियार, एडीजी प्रशासन डी श्रीनिवास राव, खेल संचालक एवं एडीजी रवि गुप्ता, डीएसपी रेडियो इंदौर सुभाष सिंह, निरीक्षक एम एवं स्टेनो डीजीपी कार्यालय निरंजन कुमार, पुलिस रेडियो निरीक्षक प्रमोद पीटर, सीआइडी के प्रधान आरक्षक लल्लू राम त्योगी को दिया जाएगा।

सराहनीय सेवाओं के लिए इन्हें मिलेगा पदक

आईजी सागर अनुराग कुमार, एसपी ग्वालियर अमित सांघी, सुंदर सिंह कनेश, एएसपी नीमच, एसपी लोकायुक्त भोपाल मनु व्यास, एआइजी इओडब्ल्यू दिलीप सिंह तोमर, पल्लवी त्रिवेदी, डिप्टी कमांडेंट 36वीं बटालियन चंद्रशेखर कौशिक, डीएसपी इओडब्ल्यू डीएस चौहान, डिप्टी कमांडेंट 13वीं बटालियन महेंद्र कुमार छारी, डीएसपी इंदौर हरिसिंह रघुवंशी, एसआई एम प्रशासन सुधाकर निरखे, निरीक्षक एम आइजी इंदौर कार्यालय सुनील कुमार जैन, डीएसपी लोकायुक्त सूर्यकांत अवस्थी, निरीक्षक इंदौर पीटीसी धैर्यशील येवले, निरीक्षक रेडियो सुरेश कुमार गुप्ता, निरीक्षक इओडब्लयू डा. दिनेश जोशी, निरीक्षक लोकायुक्त वीरेंद्र कुमार सिंह, इंदौर आरएपीटीसी में पदस्थसूबेदार विनोद कुमार भाटेवार, सूबेदार हिमांशु त्रिवेदी, सीधी जिले में पदस्थ उपनिरीक्षक रामसुंदर सिसौदिया, सहायक एसआइ सीआइडी विनोद कुमार सिंह, पुलिस ट्रेनिंग कालेज इंदौर के एएसआई हरिप्रसाद तिलवे, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र कुमार मिश्रा, आरक्षक उवेश खान, भारत कुमार मजुमदार, एसआई राम वर्मा को दिया जाएगा।

# वनकर्मी की गिरफ्तारी से कर्मचारी नाराज, शस्त्र वापसी आंदोलन चलाएंगे

भोपाल,यशभारत। विदिशा जिले की लटेरी तहसील में लक?ी चोरों पर कार्रवाई के दौरान गोली लगने से एक आदिवासी की मौत के मामले में वनकर्मी निर्मल अहिरवार की गिरफ्तारी से वन कर्मचारी नाराज हैं। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने रविवार को राजधानी में चिनार पार्क के सामने प्रदर्शन किया और सरकार पर वन माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया। मंच के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने कहा कि मामले की न्यायिक जांच पूरी होने तक वनकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई न की जाए। वरना, 16 अगस्त से कर्मचारी प्रदेशभर में शस्त्र वापसी आंदोलन शुरू करेंगे। लटेरी में वन विभाग ने हाल ही में लकड़ी चोरों पर कार्रवाई की है। जिसमें गोली चली और एक आदिवासी की मौत हो गई। मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। जबकि पुलिस ने कार्रवाई में शामिल वनकर्मियों के खिलाफ जान से मारने और जान से मारने की कोशिश का अपराध कायम किया है। इसमें निर्मल अहिरवार की गिरफ्तारी की गई है और अन्य कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। कर्मचारी नेताओं ने इसे एकपक्षीय कार्रवाई बताया है। पाण्डेय ने कहा कि सरकार ने हमें बंदूकें जंगल और खुद की सुरक्षा के लिए दी हैं। इस कार्रवाई में सरकार ने कर्मचारियों को ही कटघरे में ख?ा कर दिया है। वन कर्मचारी इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जिनके प्रति सहानुभूति दिखा रही है।

## स्वस्थ संतान उत्पत्ति के लिए दी जाएंगी जड़ी-बूटियां

# उत्कृष्ट संतान उत्पत्ति मंत्र से नवविवाहितों को लुभाएगा भोपाल का आरोग्य केंद्र

**भोपाल यशभारत। झीलों के शहर भोपाल में पहाड़ी की चोटी पर बसा शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज नवविवाहित जोड़ों एवं विदेशियों को टूरिस्ट स्पॉट्स और उत्कृष्ट (स्वस्थ) संतान उत्पत्ति मंत्र से लुभाकर च्आरोग्य कारोबारज में कदम रखने के लिए तैयार है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।**

मध्य प्रदेश के आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राम किशोर कांवरे ने आगामी आरोग्य केंद्र के बारे में विस्तृत ब्योरा देने से इनकार कर दिया, लेकिन पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज और संस्थान के एक अधिकारी ने बताया कि जिन 10 पैकेजों की योजना बनाई जा रही है, उनमें से एक नवविवाहितों के लिए है जिसमें च्उत्कृष्ट (स्वस्थ) संतान उत्पत्तिज होने के लिए जड़ी-बूटियों को भी डायट में दिया जाएगा।

कांवरे ने कहा, च्आरोग्य केंद्र एक महीना या 45 दिनों में शुरू हो जाएगा। इसमें कई चीजें होने वाली हैं। मैं आरोग्य केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में अभी विस्तृत ब्योरा नहीं दूंगा।ज आरोग्य केंद्र की च्गर्भिणी परिचर्याज (गर्भवती महिलाओं की देखभाल) और च्उत्कृष्ट (स्वस्थ) संतान उत्पत्तिज को बढ़ावा देने की योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब आरोग्य केंद्र लोगों को समर्पित होगा तो सभी चीजों का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि च्आरोग्य केंद्रज के बारे में जल्द ही एक बैठक आयोजित की जाएगी। नगरीय निकाय चुनावों के लिए लगाये गये आदर्श आचार संहिता के कारण इसे खोलने में देरी हुई।

स्वस्थ संतान उत्पत्ति के लिए दी जाएंगी जड़ी-बूटियां इस बीच, अधिकारी ने कहा कि आरोग्य केंद्र में च्आरोग्य पर्यटनज को बढ़ावा देने की योजना भी शामिल है। अधिकारी ने कहा, च्योजना के अनुसार आयुर्वेदिक कॉलेज में 50 बिस्तरों की इकाई होगी जहां लोग सात से 10 दिन तक भी ठहर सकते हैं।ज इसमें दी जाने वाली सेवाओं पर उन्होंने कहा, च्हम करीब 10 आरोग्य पैकेज ला रहे हैं। इनमें से एक नवविवाहित जोड़ों के लिए है, जिसमें च्उत्कृष्ट (स्वस्थ) संतान उत्पत्तिज होने के लिए जड़ी-बूटियों को भी आहार में दिया जाएगा।ज उन्होंने कहा कि इसके अलावा, च्गर्भिणी परिचर्याज पैकेज के तहत स्त्री रोग विशेषज्ञ गर्भवती महिलाओं को नौ महीने तक क्या करें और क्या नहीं करें, पर सलाह देंगे। इन नवविवाहित जोड़ों की काउंसलिंग भी विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी।

**अरोग्य केन्द्र के लिए 50 बेड तैयार**

अधिकारी ने कहा कि अन्य पैकेजों में जीवनशैली से उत्पन्न हुई बीमारियों, वजन घटाने और रीढ़ की हड्डी एवं जोड़ों के दर्द के लिए उपचार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज आरोग्य केंद्र के संचालन के लिए राज्य सरकार और पर्यटन विभाग की मदद और मंजूरी लेगा। अधिकारी ने बताया कि इस कॉलेज का नाम पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा के पिता खुशीलाल शर्मा के नाम पर रखा गया है और इसमें आरोग्य केंद्र चलाने के लिए 50 बिस्तर बनकर तैयार हैं।

**बिल्डिंग में चल रहा इंटीरियर का काम**

अधिकारी ने कहा, च्इमारत में इंटीरियर का काम किया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही इसे शुरू किया जाएगा जो विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा। यह आरोग्य केंद्र भारतीयों और विदेशियों दोनों के लिए खोला जाएगा।च्गर्भणी परिचर्याज सेवाओं के बारे में पूछे जाने पर आयुष विभाग के एक अधिकारी ने कहा, चटिप्पणी करना बुद्धिमानी नहीं है।

## डाकघर पनागर में ध्वजारोहण संपन्न हुआ



**पनागर, यशभारत।** उप डाकघर पनागर में ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ सर्वप्रथम भारतमाता की पुष्पों से वर्षा कर पूजन किया गया,उप डाकपाल सौरभ सोनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया यश पटेल द्वारा राष्ट्रीय गीत गाया गया फिर भारत माता के जयकारे लगायें गये फिर नागरिकों को प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम में श्रीमती प्रिया गुप्ता,अभिषेक यादव,रमेश पटेल, यश पटेल,बलवीर पटेल, प्रदीप दुबे,हेमंत दहिया,पुष्पराज पटेल , अंकित पटेल एवं समस्त ग्रामीण डाक सेवक उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय बरेला में किया ध्वजारोहण



पनागर, यशभारत। पंडित राम शंकर बन्नीलाल पाठक शासकीय महाविद्यालय बरेला में आज 15,अगस्त को ध्वजारोहण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार मिश्रा जी द्वारा किया गया। प्राचार्य जी के द्वारा समस्त महाविद्यालय को संबोधित कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में डॉ राजेश,श्री भगत सिंह ,श्री जुगल किशोर मेवारी,श्रीमती इंदिरा रश्मि हास, श्री राजकुमार दीक्षित,श्रीमती मीना कोष्ठी , एन सी सी प्रभारी श्री कमलेश प्रसाद डेहरिया, श्री नितिन पांडे, श्री विनय धर बडगैया, श्री जयनारायण वैष्णव ,श्री अरविंद लोधी, श्री पवन कुमार, श्री विकेंद्र, उपस्थित रहे।

## सरस्वती उच्च0 माध्य0 विद्यालय पनागर में 76 वां स्वतंत्रता समारोह



**पनागर, यशभारत।** सरस्वती शिशु मंदिर पनागर में 76 वें स्वतंत्रता दिवस (अमृत महोत्सव) के अवसर पर ध्वजारोहण समिति अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन द्वारा किया गया। व्यवस्थापक सुधेश सराफ, सह व्यवस्थापक कोमल सिंह पटेल, समिति सदस्य नवनीत सिंघई, प्राचार्य शैलेन्द्र गोंटिया, प्रधानाचार्य नर्मदा सिंह बघेल ने भारत माता पूजन एवं शहीदों की प्रतिमाओ पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। भैया/बहिनों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, नृत्य एवं भाषण प्रस्तुत किये मंच संचालन विद्यालय के आचार्य नारायण प्रसाद पटेल द्वारा किया गया 7 कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के समस्त आचार्यों का सराहनीय योगदान रहा। प्राचार्य शैलेन्द्र गोंटिया ने घोष दल, स्काउट एवं गाइड, समिति सदस्यों और आचार्य परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया तत्पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## स्वतंत्रता दिवस पर शान से फहराया तिरंगा





**बेलखाडू, यशभारत।** आज आजादी के 75 वे वर्ष पर बेलखाडू क्षेत्र के ग्राम बेलखाडू मोहास विलखरवा नगना सूरतलाई मांगेला बघोड़ा बघोड़ी झगरा आदि ग्रामों में संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया ।इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलखाडू में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती नमिता शर्मा ने जनपद सदस्य यशोदा खंगार,गजराज सिंह,पप्पू साहू,राकेश नगाइच ,रज्जी शुक्ला सहित स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया ।पुलिस चौकी बेलखाडू में प्रभारी एस आई उमलेश तिवारी ने स्टाफ की उपस्थिति में ,आंगनबाड़ी केंद्र बेल खा डू में सरपंच गोरी पटेल ने जनपद सदस्य यशोदा खंगार,रवि पटेल, कार्यकर्त्ता प्रीति नगाइच,मुकेश नगाइच,राकेश नगाइच,दीपक नगाइच,मोंटी नगाइच,बाराती पटेल, गुलाब पटेल,अर्जुन ठाकुर सहित ग्रामवासी की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। एसबीआई शाखा बेलखाडू में प्रबंधक श्रीमती श्रृंखला यशवर्धन ने स्टाफ हेडकेशियर उपेंद्र राय,केशियर प्रीति राय,अंजली यादव,विराज यादव,अजीत पटेल,मदन तिवारी,रवि पटेल,सुनील पटेल,अरविंद पटेल,शुभम सोनी,गुलाब पटेल आदि स्टाफ की उपस्थिति में ध्वज फहराया।

## हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर कलेक्टर एवं एसपी भी रैली में हुए शामिल

# तिरंगामय हुआ नरसिंहपुर शहर





*__नरसिंहपुर यभाप्र।__ देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश एवं प्रदेश के साथ-साथ जिले में मनाया जा रहा है। इस दौरान जिले में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।*

इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय पर सुभाष पार्क चौराहा से पैदल रैली निकाली गई। हाथों में तिरंगा झंडा लेकर निकली रैली में हर घर तिरंगा अभियान का संदेश जन- जन तक पहुंचाया गया। कलेक्टर रोहित सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव भी हाथों में तिरंगा लेकर रैली में शामिल हुए। रैली में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रैली जिला मुख्यालय पर सुभाष पार्क चौराहा से, इतवारा बाजार,बाहरी रोड, अष्टांग चिकित्सालय से राम मंदिर से सुनका चौराहा से सिंहपुर चौराहा से सुभाष पार्क चौराहा से होते हुए वापस स्टेडियम ग्राउंड पहुंची। रैली में सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, अपर कलेक्टर दीपक कुमार वैद्य, एसडीएम राजेश शाह, जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, मुस्लिम महिलायें, नागरिक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

### पुष्प वर्षा से हुआ तिरंगा यात्रा का स्वागत

नरसिंहपुर शहर के विभिन्न मार्गों से निकली पैदल तिरंगा यात्रा का जगह- जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान जामा मस्जिद कंदेली के सामने से गुजरने पर मुस्लिम भाईयों ने तिरंगा रैली का इस्तकबाल किया। मुस्लिम समाज के लोग हाथों में तिरंगा लेकर इस यात्रा में शामिल हुए। हर घर तिरंगा अभियान की रैली गाजे- बाजे के साथ नरसिंहपुर शहर के विभिन्न मार्गों से निकली। पूरा शहर तिरंगामय दिखाई दे रहा था। रैली में अपूर्व उत्साह का वातावरण रहा। रैली से पूरा माहौल देशभक्तिपूर्ण हो गया। रैली में लोग उत्साह से नृत्य करते हुए और देशभक्तिपूर्ण नारे लगाते हुए हाथ में तिरंगा लेकर चल रहे थे। हाथों में तिरंगा लेकर लोग गौरव का अनुभव कर रहे थे। देशभक्तिपूर्ण गीतों



की धुन पर रैली में लोग उत्साह के साथ थिरक रहे थे।

### गरारू के गरूड़ मंदिर परिसर में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश एवं प्रदेश के साथ- साथ जिले में मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर रोहित सिंह ने गरारू में नर्मदा तट के समीप स्थित ऐतिहासिक महत्व के गरूड़ मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया। उन्होंने गरारू में पौधरोपण भी किया। कलेक्टर ने यहां ग्रामवासियों से रूबरू चर्चा की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वे अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरायें। ग्रामीणों ने गांव में ट्यूबवेल की आवश्यकता बताई। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, अपर कलेक्टर दीपक कुमार वैद्य, एसडीएम राजेश शाह अन्य अधिकारी और ग्रामवासी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि राज्य संरक्षित स्मारक गरूड़ मंदिर पूर्वाभिमुखाप्रतिमा विहीन है। इस मंदिर का स्थापत्य इंडो इस्लामिक शैली का है। इस मंदिर का निर्माण 17 वीं शती ई. में स्थानीय गौड़ शासक बलवंत सिंह द्वारा कराया गया।



यह मंदिर पंचायतन शैली में निर्मित किया गया है। संभवतः इस मंदिर में गरूड़ प्रतिमा स्थापित रही होगी, जिसके कारण ग्राम का नाम गरूड़पुरी जो अपभ्रंश होकर गरारू हो गया।

### गोटेगांव से निकलेगी रैली विथ रेन्स यात्रा

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 14 अगस्त को गोटेगांव से सुबह 7130 बजे रैली विथ रेन्स यात्रा प्रारंभ हुई इस दौरान डीजे से देशभक्ति पूर्ण गीतों को बजाया गया। इसमें लोग बाईक, साईकिल के साथ शामिल हुए। यह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नरसिंहपुर आयेगी।

### कलेक्टर निवास पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश एवं प्रदेश के साथ- साथ जिले में मनाया जा रहा है। इस दौरान जिले में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर निवास पर रोहित सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि मैंने अपने घर पर तिरंगा फहरा दिया है। आप भी अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा जरूर फहरायें और हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनकर इसे सफल बनायें।

## रोटरी साउथ का पद स्थापना समारोह संपन्न




**जबलपुर यशभारत।** अंतरराष्ट्रीय सेवा संगठन रोटरी क्लब जबलपुर साउथ का 31 वा पदस्थापना समारोह डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शशांक रस्तोगी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । निवर्तमान अध्यक्ष अनुराग जैन गढ़वाल ने इस वर्ष के निर्वाचित अध्यक्ष हरीश रिजवानी एवं निवर्तमान सचिव मुकेश सोनी ने निर्वाचित सचिव रोमेश धींगरा को रोटरी कालर सौंप कर पद स्थापित कराया। गत वर्ष के सेवा कार्यों की स्मारिका का विमोचन पूर्व अध्यक्ष संपादक अरुण कांत अग्रवाल ने अतिथियों से कराया ।मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए प्रांत पाल शशांक रस्तोगी ने कहा कि रोटरी साउथ के सेवा कार्य सदैव प्रशंसनीय रहे हैं , इस वर्ष नई टीम ने जो बड़े सेवा कार्य करने का संकल्प लिया है उस हेतु रोटरी अंतरराष्ट्रीय से मिलने वाली ग्रांट का 10त्न व स्वयं प्रदान करेंगे, डिस्ट्रिक्ट शशांक रस्तोगी ने यह भी कहा कि रोटरी क्लब जबलपुर साउथ को गत वर्षों की तरह ही कुछ बड़े कार्य करनी चाहिए ताकि पीड़ित मानवता की सेवा की जा सके , पूर्वप्रांतपाल सुनील फाठक एवं निर्वाचित प्रांत पाल अखिल मिश्र ने भी अपने उद्बोधन में रोटरी साउथ के कार्यों की सराहना की, मध्य प्रदेश जन अधिकार परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार में सिकल सेल नामक बीमारी से पीड़ित बच्चों की सहायता हेतु सभी रोटरी क्लब का आह्वान किया। चार्टर डे अवसर पर संस्थापक सदस्य अरुण कांत अग्रवाल ,डॉक्टर बी के पांसे, डॉ जितेंद्र जामदार, डॉक्टर विनोद ताम्रकार, संतोष पोद्दार एवं विनय गाबा को सम्मान किया गया, क्लब के वरिष्ठ सदस्य आर पी अग्रवाल एवं अमरेंद्र नारायण सिंह को भी सम्मानित किया गया , आयोजन में मुकेश कालवे, मनीष कौशल, रवि वैश्य ,रोहित माटा, संतोष जैन, सारंग भिड़े, पीयूष जैन , अजय चौधरी का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन संजीव चौधरी ने किया।

## सर्वोदय विद्यालय के एन सी सी कैडेट ने निकाली तिरंगा रैली

तेंदूखेड़ा यभाप्र। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर देश मे हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है और प्रत्येक घर पर तिरंगा लहराए इसके लिए विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है इसी तारतम्य में सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा के एनसीसी कैडेट बालक स्कंध एवं बालिका स्कंध 1 एम पी आर्मड स्क्वाडन एनसीसी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल पवन गौर के दिशा निर्देशानुसार एवं 2 एमपी गर्ल्स बटालियन एन सी सी जबलपुर के कमान अधिकारी महोदय की दिशा निर्देशानुसार तिरंगा रैली का आयोजन किया जिसमें समस्त कैडिट ने तिरंगा झंडा हाथ में लेकर हर घर तिरंगा के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए नगर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण किया एवं नारे लगाते हुए लोगों को अपने-अपने घर पर आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा लहराने के लिए प्रेरित किया रैली का निर्देशन बालक एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर कमल कुमार जैन एवं बालिका एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर तप्सीरानी दत्ता ने किया ।

## तिरंगा पर बिरहागीत



यूरोपियन जब बढ़ा पतंग । तब दुनिया यों घबराती
बड़े-बड़े काटे पतंग ना कोई सामने आती
लंदन से वो तनी हुई और देश -देश मंडराती
भारत के वीरों ने देखा उनकी भर भर आती छाती
लगे बनाने पतंग गोखले याद तिलक की आती
पतंग के खातिर मोतीलाल नेहरू का कागज पाती
मालवीय का ठड्डा लगा लाला की कमाती
गांधी जी का चरखा जिसमें डोर अहिंसा खाती
भगत सिंह के खून का मंझा दुश्मन को दहलाती
छंद- बांध के जोता राजेन्द्र बानू ने नेहरू जी को दिया थमाई
सर सर करके उड़ा तिरंगा ,भारत के चीरों ने खुशी मनाई
अंग्रेजों के पतंग जैक ने थी पूरे विश्व में धाक जमाई
जा भिड़ा तिरंगा आसमान में, उसने तनिक न देर लगाई
मार के गोता ऊपर आ जैक को दी थी धूल चटाई
काट जैक की डोर उसे भारत से दिया भगाई
करके मजा लंदन की कजा वल्लभ भाई को दिया थमाई
एक अथरंगा हैदराबादी. जब उड़ता दिया दिखाई
घर के पेंच वल्लभ भाई ने उसका कर दिया सफाई
रही धिलांचू मालगुजारी वह देखत ही थर्रायी
नभ में फहराकर विजय तिरंगा भारत माता की शान बढ़ाई
उसकी रक्षा में खड़े समर में हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई
दोहा) - मिटा इंगलिस बैभव का काल
तिरंगा बना देख का भाल
कथन पर कहें छिदामीलाल उड़ रहा ठीक कर ताल

**संकलनकर्ता गया प्रसाद केवट ( पुत्र )**
**पूर्व लेखाधिकारी नगर**


# मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
**निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)**
**रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)**

ज्ञाप क्र. 11/एल/सा-2/2022-23 दिनांक 01/08/2022

**निविदा सूचना आमंत्रण**

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केंद्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मे जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरी करती हैं, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है-

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 30/सा./मु.अ./ 2022-23 दिनांक 01/08/2022 (प्रथम आमंत्रण) | खुमा माइनर की सब माइनरों, नन्हीं माइनर, कैथरा माइनर में सीमेन्ट कांक्रीट लाइनिंग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रु. 258.09 लाख (दो सौ अन्ठावन लाख नौ हजार मात्र) (यू.सी.एस. आर 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 09/03/2021 पर लागू) | रु. 259000/- (दो लाख उनसठ हजार रूपये मात्र) | रु. 12500/- (बारह हजार पांच सौ रुपये मात्र) | 12 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 2 | 31/सा./मु.अ./ 2022-23 दिनांक 01/08/2022 (प्रथम आमंत्रण) | कुंवरपुर उपवितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 18.50 कि.मी., करहियाकला माइनर, हरदुआ माइनर नं. 01 एवं 02, जूरीकला माइनर नं. 01 एवं कुंवरपुर टेल माइनर की सब माइनरों में 21 नग बारो एरिया क्रासिंग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रु. 88.94 लाख (अठासी लाख चौरान्वे हजार मात्र) (यू.सी.एस. आर 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 09/03/2021 पर लागू) | रु. 90000/- (नब्बे हजार रूपये मात्र) | रु. 5000/- (पांच हजार रुपये मात्र) | 06 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 3 | 32/सा./मु.अ./ 2022-23 दिनांक 01/08/2022 (प्रथम आमंत्रण) | शहपुरा वितरण नहर की आर.डी. 9.00 कि.मी. से आर.डी. 24.40 कि.मी. के मध्य नहर मरम्मत, नहर बैंकों का सुदृढ़ीकरण, कोलाबा लगाने तथा सीमेन्ट कांक्रीट लइनिंग का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रु. 231.13 लाख (दो सौ इकतीस लाख तेरह हजार मात्र) (यू.सी.एस. आर 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 09/03/2021 पर लागू) | रु. 232000/- (दो लाख बत्तीस हजार रूपये मात्र) | रु. 12500/- (बारह हजार पांच सौ रुपये मात्र) | 12 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 4 | 33/सा./मु.अ./ 2022-23 दिनांक 01/08/2022 (तृतीय आमंत्रण) | बढैयाखेडा माइनर की सिंगौरी सब माइनर, बढैयाखेडा सब माइनर, भुंवारा माइनर नं. 1 की भुंवारा सब माइनर, करहैयाकला माइनर की भुंवारा सब माइनर, करहैयाकला सब माइनर, करहैयाखुर्द सब माइनर में सीमेन्ट कांक्रीट लाइनिंग का निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण)। | रु. 177.52 लाख (रु. एक सौ सुतहत्तर लाख बावन हजार मात्र) (यू.सी.एस. आर 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 08/03/2021 पर लागू) | रु. 178000/- (एक लाख अठहत्तर हजार रूपये मात्र) | रु. 12500/- (बारह हजार पांच सौ रुपये मात्र) | 12 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 5 | 34/सा./मु.अ./ 2022-23 दिनांक 01/08/2022 (द्वितीय आमंत्रण) | भुंवारा माइनर नं. 01 की आर.डी. 1200 मी. से आर.डी. 3520 मी. एवं हरदुआ माइनर नं. 01 की आर.डी. 2000 मी. से आर.डी. 4320 मी. तक नहर निर्माण सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 77.12 लाख (सतहत्तर लाख बारह हजार मात्र) (यू.सी.एस. आर 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 09/03/2021 पर लागू) | रु. 78000/- (अठहत्तर हजार रूपये मात्र) | रु. 5000/- (बारह हजार पांच सौ रुपये मात्र) | 06 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 6 | 35/सा./मु.अ./ 2022-23 दिनांक 01/08/2022 (द्वितीय आमंत्रण) | खजूरी वितरण नहर की नाऊखेड़ा सब माइनर एवं कारीपाथर सब माइनर तथा हसुआ माइनर की मझगवां सब माइनर एवं सरोंद सब माइनर में सीमेन्ट कांक्रीट लाइनिंग का कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 114.21 लाख (एक सौ चौदह लाख इक्कसी हजार मात्र) (यू.सी.एस. आर 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 09/03/2021 पर लागू) | रु. 115000/- (एक लाख पन्द्रह हजार रूपये मात्र) | रु. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) | 06 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 7 | 36/सा./मु.अ./ 2022-23 दिनांक 01/08/2022 (तृतीय आमंत्रण) | हसुआ उपवितरण नहर की चिखली माइनर की आर. डी. 6.50 कि.मी. पर क्रास रेग्युलेटर स्ट्रक्चर का निर्माण, आर.डी. 7250 मी. पर बीजा सब माइनर के हेड रेग्युलेटर का पुनः निर्माण, आर.डी. 8864 मी. पर व्ही.आर.बी. का पुनः निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण) | रु. 17.91 लाख (सत्रह लाख इनक्यानवे हजार मात्र) (यू.सी.एस. आर 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 09/03/2021 पर लागू) | रु. 36000/- (छत्तीस हजार रूपये मात्र) | रु. 2000/- (दो हजार रूपये मात्र) | 03 माह वर्षाकाल छोड़कर |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय- दिनांक 22.08.2022 सायं 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है कि वह केवल वेबसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एस. ठाकुर)
मुख्य अभियंता
रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना
बरगी हिल्स, जबलपुर

जी-15351/22

# प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव ने किया ध्वजारोहण

## आजादी के अमृत महोत्सव का उत्सव
## शान से लहराया तिरंगा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम





**जबलपुर, यशभारत।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव का आयोजन पुलिस लाइन मैदान में किया गया। स्वतंत्रता दिवस के इस गरिमामय आयोजन के मुख्य अतिथि पीडब्ल्यूडी एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। प्रभारी मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रदेशवासियों के लिए संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि गोपाल भार्गव ने बच्चों से पूछा इतनी वर्षा हो रही है ऐसे में भी वो प्रस्तुति देना चाहते हैं, तो बच्चों ने कहा हां सर, हम तैयार हैं। पानी गिरने दीजिए, हम परफार्म करेंगे। इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कलेक्टर डॉ इलैय्या राजा टी , पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा समेत शीर्ष अधिकारी कार्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रही। प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि अमर-सेनानियों के बलिदान और त्याग के बल पर हमें यह पुनीत दिन देखने का अवसर मिला है। उनका पुण्य स्मरण करना हम सबका नैतिक कर्त्तव्य है। ।

# यशभारत में आजादी के अमृत महोत्सव का उल्लास

## आन -बान -शान से फहराया तिरंगा



जबलपुर, यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव पर आज 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर शताब्दिपुरम स्थित यशभारत कार्यालय में मुख्यअतिथि समाज सेवी सुरेश गौतम और यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान जनगणमन और भारत माता की जय, वंदेमातरम के जय घोष से परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में बेबी यशिका ईसानी शुक्ला, आशीष तिवारी,अम्बरीश तिवारी, प्रवीण अग्रहरि, अभिषेक शुक्ला, रवि चौबे,रजनीश परोहा, रजनीश जोशी, सतेन्द्र तिवारी, अजय पांडे, नीरज उपाध्याय,सुरेश वर्मा, राहुल शर्मा, अनिल पांडे, अनूप तिवारी ,किशन विश्वकर्मा ,राकेश मालवीय, मूरत कनोजिया,बाबू, अनिल, नितिन तिवारी ,राजेन्द्र, विजय, बबलू रजक ,श्याम, देवी, डेनियल आदि मौजूद रहे।















































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)